प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 रविवार** **दिनांक 07.09.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः—**

1—छत्तीसगढ़ के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने पांच करोड़ रूपए और राहत सामग्री भेजी—मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जताया आभार।

2—राज्य सरकार ने खेल पुरस्कारों के लिए खिलाड़ियों—प्रशिक्षकों की सूची जारी की।

3— बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा जंगल में छिपाकर रखे गए हथियार, उपकरण और भारी मात्रा मे विस्फोटक सामग्री बरामद की।

4—आज रात देशभर में आठ बजकर अंठावन मिनट से लगेगा पूर्ण चंद्रग्रहण।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**मध्यप्रदेश सरकार—मदद**

मध्यप्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ के बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए पहल की है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि राहत राशि के तौर पर छत्तीसगढ़ को पांच करोड़ रूपए और राहत सामग्री भेजी गई है।

इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोशल मीडिया पर किए पोस्ट में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ न केवल पड़ोसी राज्य हैं, बल्कि आत्मीय बंधन से जुड़े परिवार की तरह हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की इस घड़ी में आपका यह सहयोग निश्चित ही बस्तर संभाग के प्रभावित जनों को संबल प्रदान करेगा।

**खेल पुरस्कार**

राज्य सरकार ने खेल पुरस्कार वर्ष दो हजार तेईस—चौबीस और दो हजार चौबीस—पच्चीस के लिए खिलाड़ियों—प्रशिक्षकों की सूची जारी कर दी है। इस बार करीब अस्सी खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा। निर्णायक समिति के सर्वसम्मति से निर्णय लिए जाने के बाद खेल और युवा कल्याण विभाग ने चयनित खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की अंतिम सूची जारी की है।

**पुलिस कमिश्नर प्रणाली**

एक नवंबर से रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली की शुरूआत होगी। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। कई राज्यों के सिस्टम का अध्ययन कर छत्तीसगढ़ में बेहतर कार्ययोजना बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस समय रायपुर में आईजी और एसएसपी को मिलाकर दो आईपीएस लॉ एंड आर्डर संभाल

रहे हैं। मगर पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू होने के बाद अब आईपीएस अधिकारियों की संख्या बढ़कर सात हो जाएगी। इसी तरह राज्य पुलिस सेवा के भी करीब बारह से अधिक अधिकारियों को अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पदस्थ किया जाएगा।
गौरतलब है कि राज्य कैबिनेट की बैठक में इसके लिए प्रस्ताव पारित हो चुका है।

**बीजापुर–माओवादी सामान**

बीजापुर जिले में सुरक्षा बलों ने माओवादियों द्वारा जंगल में छिपाकर रखे गए हथियार, उपकरण और भारी मात्रा मे विस्फोटक सामग्री बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, कोबरा बटालियन और बस्तरिया बटालियन की संयुक्त टीम उसूर थाना क्षेत्र अंतर्गत गुंजेपर्ती के जंगल में तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान जंगल से लेथ मशीन, इलेक्ट्रिक जनरेटर, वाटर पम्प, इलेक्ट्रिक कटर, हाइड्रोलिक सिलेंडर, मोटर पार्ट्स, टूल बॉक्स, ड्रिल बिट्स, कंटेनर सहित विस्फोटक निर्माण सामग्री और दवाइयां बरामद की, जिसे नष्ट कर दिया गया है।

**आयकर विवरणी–तिथि**

आयकर विवरणी दाखिल करने की अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। पहले से भरे गए विवरण और सरल आधार ओटीपी के साथ वेबसाइट पर ऑनलाइन आयकर विवरणी को दाखिल किया जा सकता है। देरी से आयकर विवरणी–आईटीआर दाखिल करने पर जुर्माना और ब्याज लगता है।

**जीएसटी–फायदें**

वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी की दरों में हाल ही में किए गए सुधार इस महीने की बाईस तारीख़ से लागू होंगे। नई जीएसटी दरों का चिकित्सा क्षेत्र पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है। नए जीएसटी सुधारों के साथ ही अब सभी मेडिकल डिवाइस और उपकरणों पर अट्ठारह प्रतिशत की जगह अब सिर्फ पांच प्रतिशत जीएसटी ही लगेगा। वहीं, पट्टियों, डायग्नोस्टिक किट, ग्लूकोमीटर और अन्य ज़रूरी मेडिकल सामानों पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। तैंतीस जीवनरक्षक दवाओं पर जीएसटी बारह प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है। कैंसर, दुर्लभ रोग और बीमारियां तथा गंभीर बीमारियों के इलाज में काम आने वाली तीन दवाओं पर जीएसटी पांच प्रतिशत से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

इधर, छत्तीसगढ़ की आम जनता ने भी जीएसटी में किए गए सुधारों का स्वागत किया है। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष अशोक राठी ने कहा कि जीएसटी में किए गए सुधारों से सभी वर्गों के लोगों को फायदा होगा।

**चंद्रग्रहण**

आज पूर्ण चंद्र ग्रहण है। यह ग्रहण पूरे भारत में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ेगा। चंद्रग्रहण आज रात आठ बजकर अंठावन मिनट से शुरू होकर कल तड़के सुबह दो बजकर पच्चीस मिनट पर समाप्त होगा। इसकी अवधि भारत में बयासी मिनट की होगी और चंद्र ग्रहण पांच घंटे से अधिक समय तक रहेगा।
गौरतलब है कि पृथ्वी के सूर्य और चंद्रमा के बीच आने पर चंद्र ग्रहण होता है।

**जेल–योग प्रशिक्षण कार्यक्रम**

गरियाबंद जिला जेल में बंदियों को मानसिक और शारीरिक तनाव से मुक्ति दिलाने के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' के तहत योग प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। इसमें अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बंदियों को योग, प्राणायाम और ध्यान की तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य बंदियों को उनके आपराधिक मामलों से उत्पन्न होने वाले मानसिक तनाव और शारीरिक समस्याओं से राहत दिलाना है। जेल प्रशासन के अधिकारियों ने इस पहल को लाभकारी बताते कहा कि इसे छत्तीसगढ़ की अन्य जेलों में भी लागू करने की योजना बनाई जा रही है।

**ग्रामीण–चक्कजाम**

बलरामपुर जिले के लुत्ती बांध टूटने के मामले में आज बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने तातापानी स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक–तीन सौ तिरालीस पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों ने मृतकों के परिजनों को उचित मुआवजा, सरकारी नौकरी और प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की। सूचना मिलने पर एडिशनल एसपी और एसडीएम समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और आंदोलनकारियों से चर्चा की। बाद में आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम समाप्त किया।

**टंकराम वर्मा–महतारी सदन**

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बलौदाबाजार जिले के ग्राम पंचायत रवान में महतारी सदन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस भवन का निर्माण चौबीस लाख सत्तर हजार रूपए की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर श्री वर्मा ने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए यह महतारी सदन महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**दुर्घटना**

खैरागढ़–छुईखदान–गंडई जिले में ढाबा के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटर साइकिल सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दो अन्य बच्चें घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एक पिता और उनके तीन बच्चे मोटर साइकिल में सवार होकर राजनांदगांव जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

**हाथी–मौत**

बलरामपुर जिले के रामानुजगंज वन परिक्षेत्र में कल रात एक हाथी का शव मिला है। सूचना मिलते ही डीएफओ, रेंजर और एसडीएम मौके पर पहुंचे। वन विभाग अधिकारियों के अनुसार मृत हाथी वाड्रफनगर के रजखेता क्षेत्र से रामानुजगंज वन परिक्षेत्र की ओर आया था। इसकी गतिविधियों की जानकारी पहले ही विभाग को मिल चुकी थी, जिसके बाद टीम लगातार निगरानी कर रही थी। दिनभर यह हाथी बसकटिया जंगल और आसपास के इलाकों में देखा गया था। फिलहाल हाथी की मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। विभाग ने पंचनामा कार्रवाई कर जांच शुरू कर दी है।

**संक्षिप्त समाचार**

**समाचार संक्षेप में ...**

–संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ और सरयूपारिण ब्राम्हण सभा के संयुक्त तत्ववधान में आज रायपुर में विराट संस्कृत विद्वत सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह शामिल हुए।

–मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में नौ सितंबर को राज्य मंत्रीपरिषद की बैठक मंत्रालय मे आयोजित की जाएगी।

–उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रामलला दर्शन योजना के तहत आज अयोध्या से लौटे कबीरधाम जिले के तिरसठ श्रद्धालुओं का कवर्धा में स्वागत किया।

–दुर्ग की अंजोरा पुलिस ने मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर करीब सत्तर लाख रूपए की ठगी करने वाले पिता–पुत्र को गिरफ्तार किया है।

–गौरैला–पेंड्रा–मरवाही जिले के पर्यटन स्थल लखनघाट सोननदी में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। घटनास्थल पर जिला और पुलिस प्रशासन ने आम लोगों के लिए सूचना पटल लगाकर लापरवाही न करने की चेतावनी दी है।

–जांजगीर–चांपा जिले के नैला में एक व्यापारी से सात लाख रुपये से अधिक की लूट होने का मामला सामने आया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>